# Class -VII

## Annual Term examination (2024-25)

## Subject – Hindi

## Set – B2

**Time Allowed: 2.5Hrs** **Maximum Marks: 60**

**सामान्य निर्देश:-**

**1. कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 11 हैं।**

**2. उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

**3. उत्तर पुस्तिका में अपनी सेट-संख्या अवश्य लिखें।**

**4. इस प्रश्न- पत्र में कुल पृष्ठ संख्या 6 हैं।**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2+2+1=5**

सच्ची मित्रता जीवन में एक अमूल्य उपहार है। यह वह रिश्ता है, जिसे हम अपने मन से चुनते हैं। सच्चा मित्र वही होता है, जो कठिन समय में हमारा सहारा बने, हमारे साथ खड़ा रहे और हर परिस्थिति में हमारा हौसला बढ़ाए। जो न केवल हमारी अच्छाइयों की सराहना करे, बल्कि हमारी गलतियों को सुधारने में भी हमारी मदद करे। प्राचीन काल से मित्रता को समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त रहा है। महाभारत में कृष्ण और अर्जुन की मित्रता इसका सबसे अच्छा उदाहरण है।आज के समय में, जब हर व्यक्ति व्यस्त जीवन जी रहा है, सच्ची मित्रता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। हालांकि, वर्तमान समय में मित्रता के मायने बदलते जा रहे हैं। बहुत से लोग अपने स्वार्थ के लिए मित्रता का मुखौटा लगाते हैं और समय आने पर दूर हो जाते हैं। स्वार्थी मित्र केवल अपने लाभ के लिए हमारे पास आते हैं और जब उन्हें हमारी ज़रूरत नहीं रहती, तो हमें भूल जाते हैं। यही कारण है कि हमें यह समझदारी से सोचना चाहिए कि किससे मित्रता करनी है।मित्रता का रिश्ता किसी भी जाति, धर्म या वर्ग की सीमाओं से परे होता है। यदि यह रिश्ता सच्चाई और निस्वार्थ भावना से निभाया जाए, तो जीवन में कभी भी अकेलापन महसूस नहीं होता। इसीलिए हमें हमेशा यह प्रयास करना चाहिए कि हम अच्छे मित्र बनें और अच्छे मित्र चुनें। सच्ची मित्रता हमारे जीवन को न केवल सुखमय बनाती है, बल्कि हमारे व्यक्तित्व को भी निखारती है।

**1. सच्चा मित्र किसे कहा गया है?**

**2. वर्तमान समय में मित्रता के मायनों में क्या बदलाव आया है?**

**3. सच्ची मित्रता हमारे जीवन में क्या भूमिका निभाती है ?**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2+2+1=5**

धृतराष्ट्र के हाव-भाव से श्रीकृष्ण ने अंदाजा लगाया कि इस समय धृतराष्ट्र पुत्र-शोक के कारण क्रोध में हैं। इससे भीम को उनके पास भेजना ठीक न होगा। अतः उन्होंने भीमसेन को तो एक तरफ हटा लिया और उसके स्थान पर लोहे की एक प्रतिमा दृष्टिहीन राजा धृतराष्ट्र के आगे लाकर खड़ी कर दी। श्रीकृष्ण का भय सत्य साबित हुआ। वृद्ध राजा ने प्रतिमा को भीम समझकर ज्योंही छाती से लगाया, त्योंही उन्हें याद हो आया कि मेरे कितने ही प्यारे बेटों को इस भीम ने मार डाला है। इस विचार के मन में आते ही धृतराष्ट्र क्षुब्ध हो उठे और उसे ज़ोरों से छाती से लगाकर कस लिया। प्रतिमा चूर-चूर हो गई। पर प्रतिमा के चूर हो जाने के बाद धृतराष्ट्र को ख़याल आया कि मैंने यह क्या कर डाला! वह दुखी हो गए और शोक विह्वल होकर बोले- 'हाय! क्रोध में आकर मूर्खतावश मैंने यह क्या कर डाला! भीम की हत्या कर दी।' यह कहकर वह बुरी तरह विलाप करने लगे।इस पर श्रीकृष्ण ने धृतराष्ट्र से कहा- 'राजन, क्षमा करें। मुझे पहले ही से मालूम था कि क्रोध में आकर आप ऐसा काम करेंगे। इसलिए उस अनर्थ को टालने के लिए मैंने पहले से ही उचित प्रबन्ध कर रखा था। आपने जिसको नष्ट किया है, वह भीमसेन का शरीर नहीं, बल्कि लोहे की मूर्ति थी।'

**i) श्रीकृष्ण ने किस बात का अंदाजा लगा लिया था और इसलिए उन्होंने क्या किया ?**

**ii) धृतराष्ट्र क्यों क्षुब्ध हो उठे और उसके परिणामस्वरूप उन्होंने क्या किया ?**

**iii) प्रतिमा चूर हो जाने पर क्या हुआ ?**

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- 1x8 = 8**

क) **' पाठक'** शब्द का स्त्रीलिंग होगा-

i) पाठकगण ii) पाठिका
iii) गायिका iv) नायिका

ख) **'लेखक'** शब्द का बहुवचन होगा-

i) लेखिका ii) लेखकगण
iii) लेखके iv) लेख

ग) **'छली'** का विलोम शब्द है -

i) दोषी ii) निश्छल
iii) सुलभ iv) सहायक

घ) **'युवा'** शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है-

i) युवक ii) युवती
iii) यौवन iv) युविका

ड़) **'भेद'**शब्द के दो सही अर्थ हैं -

i) प्रकार, कुदरत ii) स्वभाव,रहस्य
iii) भिन्नता, रहस्य iv) प्रतिदिन, प्रकार

च) **'पानी - पाणि'** श्रुतिसम शब्द का अर्थ है -
(i) जल - हाथ (ii) जल - मात्रा
(iii) हाथ - ठीक (iv) जल - धोखा

छ) **"हमें यह काम ज़रूरी से करना है।"** - इस वाक्य के लिए शुद्ध वाक्य होगा?
i) हमें यह काम करना है ज़रूरी| ii) ज़रूरी से करना है यह काम मुझे|
iii) हमें यह काम ज़रूर करना है| iv) हमें करना है ज़रूरी काम यह|

ज) **'जानने की इच्छा रखने वाला'** इस वाक्यांश के लिए किस एक शब्द का प्रयोग होगा ?
i) जलाशय ii) जलचर
iii) जिज्ञासु iv) अजर

**4. निर्देशानुसार कीजिए- 2x2 = 4**

क) लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए - का बरसा जब कृषि सुखाने **अथवा** छोटा मुँह बड़ी बात

ख) **किसी एक** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - पुत्र **अथवा** पृथ्वी

**5. रेखांकित पद का भेद सही विकल्प चुनकर बताइए - 1x3 = 3**

क) आज बच्चा <u>**बहुत**</u> रोया |
(i) स्थानवाचक क्रियाविशेषण (ii) संबंधबोधक
(iii) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण (iv) विस्मयादिबोधक

ख) उसे कुछ काम था <u>**इसलिए**</u> वह चला गया ।
(i) कालवाचक क्रियाविशेषण (ii) समुच्चयबोधक
(iii) विस्मयादिबोधक (iv) संबंधबोधक

ग) <u>**शाबाश!**</u> इसी तरह परिश्रम करते रहो।
(i) समुच्च्यबोधक (ii)स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(iii) परिमाणवाचक क्रियविशेषण (iv) विस्मयादिबोधक

**6. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - 1x4 =4**

***जब किसी ढब से निकल तिनका गया ,***
***तब ' समझ ' ने यों मुझे ताने दिए ।***
***ऐंठता तू किसलिए इतना रहा ,***
***एक तिनका है बहुत तेरे लिए ।***

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन 'एक तिनका' शीर्षक कविता के कवि है?**

(क) शिवमंगल सिंह 'सुमन' (ख) भगवती प्रसाद वाजपेयी

(ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (घ) महादेवी वर्मा

**प्रश्न 2. "समझ" का क्या तात्पर्य है?**

(क) अहंकार (ख) विवेक और चेतना

(ग) शक्ति (घ) तिनका

**प्रश्न 3. "समझ ने यों मुझे ताने दिए" का अर्थ क्या है?**

(क) पड़ोसी ने लेखक की बुराई की । (ख) आत्मचेतना ने अहंकार को फटकारा।

(ग) किसी ने सलाह दी। (घ) पड़ोसियों ने मार्गदर्शन किया।

**प्रश्न 4. "ऐंठता" शब्द किसकी ओर संकेत करता है?**

(क) साहस (ख) विनम्रता

(ग) अहंकार (घ) प्रेम

**अथवा**

***जागो बंसीवारे ललना !***
***जागो मोरे प्यारे !***
***रजनी बीती , भोर भयो है , घर – घर खुले किंवारे।***
***गोपी दही मथत , सुनियत हैं कंगना के झनकारे ।।***
***उठो लालजी ! भोर भयो है , सुर – नर ठाढ़े द्वारे।***
***ग्वाल – बाल सब करत कुलाहल , जय – जय सबद उचारै ।।***
***माखन – रोटी हाथ मँह लीनी , गउवन के रखवारे।***
***मीरा के प्रभु गिरधर नागर , सरण आयाँ को तारै ।।***

**प्रश्न 1: कविता में "बंसीवारे" किसे संबोधित किया गया है?**

(क) अर्जुन (ख) राधा

(ग) श्रीकृष्ण (घ) मीरा बाई

**प्रश्न 2: "रजनी बीती, भोर भयो है" का क्या अर्थ है?**

(क) रात का समय है। (ख) सुबह होने का संकेत है।

(ग) दोपहर हो गई है। (घ) शाम का समय है।

**प्रश्न 3: "सुर-नर" का क्या तात्पर्य है?**

(क) देवता और मनुष्य (ख) गोपी और ग्वाल

(ग) भगवान और भक्त (घ) पशु और पक्षी

**प्रश्न 4: ग्वाल-बाल क्या कर रहे हैं?**

(क) दही मथ रहे हैं। (ख) गोपियों के साथ खेल रहे हैं।

(ग) जय-जयकार कर रहे हैं। (घ) द्वार बंद कर रहे हैं।

**7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए 3x2=6**

क) अपनी किन इच्छाओं को पूरा करने हेतु पक्षी पिंजरे से बाहर निकलने के लिए व्याकुल होते हैं ?

ख) कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

ग) रहीम के दोहे के आधार पर बताइए कि हमें वृक्ष और सरोवर से क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए?

घ) 'शाम- एक किसान' कविता के आधार पर बताइए कि कवि ने आकाश को सिर पर बँधे साफ़े के समान क्यों कहा है ?

**8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 4x3 = 12**

क) हिमालय की बेटियाँ पाठ में लेखक नागार्जुन नदियों को किन रूपों में देखते हैं? नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जाने चाहिए ?

ख) किसकी बात सुनकर मिठाईवाला भावुक हो गया था? उसने इन व्यवसायों को अपनाने का क्या कारण बताया?

ग) दृढ़ निश्चय और अथक परिश्रम से सफलता पाने के बाद तोत्तो-चान और यासुकी-चान को अपूर्व अनुभव मिला, इन दोनों के अपूर्व अनुभव कुछ अलग-अलग थे। दोनों में क्या अंतर रहे? लिखिए।

घ) खानपान में बदलाव के कौन से फ़ायदे हैं? फिर लेखक इस बदलाव को लेकर चिंतित क्यों है?

ड़) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?

च) आमतौर पर मेले मनोरंजन, खरीद-फरोख्त एवं मेलजोल के लिए होते हैं। वीर कुँवर सिंह ने मेले का उपयोग किस रूप में किया?

**9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5**

- महँगाई की मार
- पर उपदेश कुशल बहुतेरे
- आत्मविश्वास
- प्लास्टिक की दुनिया

10. पुस्तकालय में हिंदी के प्रसिद्ध लेखकों की पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए|
अथवा 5

जन्मदिन पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए उसका आभार प्रकट करते हुए पत्र लिखिए|

11. दिए गए चित्र का वर्णन 35-40 शब्दों में कीजिए- 3

